


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक




पटना, 04 मार्च, शनिवार, 2023

## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-




**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278







**बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं। मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ।**

**-डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह**

**लोकतंत्र में शासन की असल ताकत जनता के पास होनी चाहिए। लोकतंत्र में किसी एक सत्तासीन व्यक्ति की मन की बात नहीं, जन की बात का महत्व होता है। इसके लिए जरूरी होता है जनता की बात सुनना। जनता की भावना को समझना। भारत जोड़ो यात्रा जन की बात सुनने का सबसे सफल उदाहरण है, जिसमें श्री राहुल गांधी जी और कांग्रेस पार्टी के हजारों नेताओं ने जनता के बीच जाकर, जनता की बात सुनी। प्रतिष्ठित कैंब्रिज वि वि ने श्री राहुल गांधी जी को इसी विषय पर अपनी बात रखने के लिए बुलाया।**

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**






मोदी भारत की आधारशिला को बर्बाद कर रहे हैं। वो भारत पर एक ऐसा विचार थोप रहे हैं जिसे भारत स्वीकार नहीं कर सकता।

- कैम्ब्रिज में **राहुल गांधी जी**



मीडिया और न्यायपालिका नियंत्रण में है।
मेरे फोन में पेगासस है। काफी संख्या में नेताओं के फोन में भी पेगासस है।
बहुत से खुफिया अधिकारियों ने मुझे फोन पर बात करते समय सावधानी बरतने को कहा क्योंकि मेरा फोन रिकॉर्ड हो रहा है।

- कैम्ब्रिज में **राहुल गांधी जी**



# इस बार का बजट झारखंड की जनता को समर्पित है





राज्यपाल माननीय श्री सी पी राधाकृष्णन जी को सदन में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2023–24 बजट की प्रति सौपते हुए वित्त मंत्री श्री डॉ रामेश्वर उरांव जी।




**पटना। कांग्रेस दर्पण**

झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री जी ने 1 लाख 16 हजार 418 करोड़ का बजट पेश किया है। इस बजट में हर तबके का पूरा ख्याल रखा गया है। इस बार का बजट बजट झारखंड की जनता को समर्पित है। बजट में किसानों को सिंचाई का लाभ मिले सरकार की ऐसी कोशिश होगी।झारखंड में मिलेट मिशन योजना के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बजट में पंचायत में ज्ञान केंद्र की स्थापना की घोषणा भी की गई है।पंचायती राज के तहत हर पंचायत में ज्ञान केंद्र की स्थापना होगी।पंचायती राज के लिए एक हजार नौ सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।इसके साथ–साथ पंचायत सचिवालय में टीवी भी लगेंगे. महागठबंधन सरकार ने इस बार की बजट को महिलाओं और बच्चों को पूरी ध्यान में रखकर बनाया गया है। सरकार ने बजट में झारखंड में ८०० नए आंगवाड़ी भवन खोले जाएंगे। इसके साथ–साथ आंगनवाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन देने की भी घोषणा की गई है । महागठबंधन सरकार राज्य के विद्यालयों में बालिका–बालिकाओं के लिए अलग–अलग शौचालय भवन बनाएगी। सरकार से मैंने महिलाओं को के लिए विशेष तौर पर निशुल्क सैनेटरी पैड का वितरण की माँग की थी। इस सरकार ने बेहद गंभीरता से लेते हुए किशोरी और महिलाओं को निशुल्क सैनेटरी पैड का वितरण प्रावधान रखा है। विधवा पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की है। सृजन योजना के तहत बेरोजगार युवक–युवतियों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण के बाद नौकरी नहीं मिलने पर अगले 6 माह तक बेरोजगार युवकों को 1 हजार रुपये और महिलाओं तथा दिव्यांगों को 1500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे।







# तानाशाह मोदी सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने करारा झटका दिया

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

किसी जमाने में निष्पक्षता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले चुनाव आयोग को भाजपाई शाखा की तरह इस्तेमाल करने वाली तानाशाह मोदी सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने करारा झटका दिया है। नतीज़तन अब मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति केवल प्रधानमंत्री के चाहने से नहीं होगी, बल्कि इसके लिए मुख्य न्यायाधीश औऱ विपक्ष के नेता की राय भी माननी पड़ेगी। मतलब अब सारी मनमानी एक व्यक्ति के हिसाब से नहीं चलेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र को बचाने के क्रम में संजीवनी की तरह है। मोदी सरकार की मंशा के विपरीत इस फैसले का आगामी चुनावों पर बेहद सकारात्मक और मजबूत प्रभाव दिखने की पूरी संभावना है। आज यह फैसला ऐसे दौर में आया है, जब सत्ता के मद में बेलगाम हो चुकी भाजपा सरकार उइक, एऊऔऱ अन्य सरकारी मशीनरियों का इस्तेमाल विपक्ष को डराने और अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने के लिए कर रही है। सरकारी दबाव में ये मशीनरियां जनता के विश्वास औऱ लोकतंत्र की दिनदहाड़े हत्या कर रही हैं। मगर इस फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने जनता के मन में डगमगाते विश्वास के इस दौर में उम्मीद की नई लौ जलाई है...




आज गुजरात विधानसभा के बाहर नेता कांग्रेस विधायक दल श्री Amit Chavda के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने LPG सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस सदन से सड़क तक मोदी निर्मित महंगाई के विरुद्ध लड़ाई लड़ रही है।

















**कभी 500 किलो प्याज बेचने पर 2 रुपए का चेक, तो कभी प्याज की खड़ी फसल पर ट्रेक्टर चलाने को मजबूर किसान...कहीं टमाटर को सड़क पर फेंकता किसान तो कहीं फसल बीमा की रकम का इंतजार करता किसान...इखढ के राज में अन्नदाता मोहताज हो गया है– अपनी ही फसल के सही दाम के लिए।**

# हार कर जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं, लेकिन जीत के हारने वाले को क्या कहते हैं?

पटना। कांग्रेस दर्पण

हार कर जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं, लेकिन जीत के हारने वाले को क्या कहते हैं? भाजपा को इसका जवाब ढूंढना चाहिए। क्योंकि त्रिपुरा और नागालैंड में फिर से सरकार बनाने का जनादेश हासिल करने के बाद भी भाजपा के लिए इस वक्त स्थितियां जीत जैसी नहीं हैं। इस साल के विधानसभा चुनावों की शुरुआत पूर्वोत्तर के तीन राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड से हुई। पिछले महीने इन तीनों राज्यों में मतदान हुआ और 2 तारीख को इसके नतीजे सामने आए। त्रिपुरा में पिछले चुनावों में भाजपा ने वामदल की सरकार को हटाने का कमाल कर के दिखाया था। तब इसे पूर्वोत्तर में भाजपा की बड़ी धमक की तरह देखा गया था क्योंकि इन राज्यों में संघ अपनी संस्थाओं के जरिए बरसों से हिंदुत्व के प्रचार में लगा हुआ है। यहां की ईसाई और आदिवासी बहुल जनता किसी तरह धर्म के नाम पर भाजपा के पाले में आ जाए, इसकी कोशिशें पिछले चुनावों में सफल होती दिखीं। त्रिपुरा, नागालैंड, असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय सभी में भाजपा ने अपनी सरकार बनाने में सफलता हासिल की। जहां जरूरत हुई वहां गठबंधन किया, जहां जरूरत हुई वहां विरोधी दलों में फूट डलवाई और जहां जरूरत हुई वहां एकला चलो का रास्ता अपनाया। हिंदुत्व के साथ–साथ बांग्लादेश के प्रवासियों का मुद्दा, यूनिफार्म सिविल कोड, राम मंदिर ऐसे तमाम दांव बीजेपी ने चले। इसके अलावा विकास की बड़ी–बड़ी बातें करना और किसी भी तरह कांग्रेस को गलत बताना तो भाजपा का विशिष्ट दांव है।

इस बार के चुनावों में भी भाजपा ने इसी रणनीति पर काम किया। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह चुनावी राज्य जाकर जीत की जमीन तैयार करने में लगे रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर गालियों से टॉनिक वाला नुस्खा यहां आजमाया, जब उन्होंने चुनावी रैली में कब्र खुदेगी का रोना रोकर बताया कि इसके जवाब में कमल खिलेगा। इसी तरह अमित शाह ने मोदी के पिता का गलत नाम लेने वाले बयान को भाजपा के लिए सहानुभूति वोट बटोरने का जरिया बनाया। भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं का डेरा हर चुनावी राज्य की तरह पूर्वोत्तर में भी जमा रहा।

सरकारी मशीनरी के गलत इस्तेमाल का आरोप भाजपा पर विपक्षी दलों ने लगाया, खासकर त्रिपुरा में वाम दलों ने इसके लिए आवाज उठाई। मगर अब ये समझ आ गया है कि चाहे ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत हो या ईवीएम चोरी की, या गलत तरीके से मतदान कराने, इन शिकायतों का संतोषजनक समाधान नहीं निकलता है। आरोप लगते हैं और हवा में गायब कर दिए जाते हैं। इस बार भी विपक्ष की सारी शिकायतें धरी रह गईं। नतीजे बता रहे हैं कि भाजपा त्रिपुरा और नगालैंड में तो सरकार बनाने जा रही है। रहा सवाल मेघालय का तो, यहां जिस तरह पिछली बार कम सीटें मिलने के बावजूद एनपीपी के साथ भाजपा ने सरकार बना ली थी, वही खेल फिर से हो सकता है। मतदान के बाद मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशरमी मिल ही चुके हैं, तो इस मुलाकात को भाजपा व्यर्थ नहीं जाने देगी।

पूर्वोत्तर चुनावों के एक्जिट पोल में भाजपा की सरकार बनने के दावे किए जा रहे थे और ये सही भी हुए हैं। लेकिन जिस कांग्रेस को एकदम साफ बताया जा रहा है, उसका तार्किक विश्लेषण करने की जरूरत है। त्रिपुरा में कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं था, और इस बार उसने वामदल के साथ गठबंधन किया था। पिछले चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट त्रिपुरा में नहीं मिली थी, फिर उपचुनावों में 2 सीटें उसे मिलीं और इस बार



सन्नी कुमार, डेलिगेट, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी

3 सीटों पर कांग्रेस जीती है। जबकि वामदलों के पास 11 सीटें आई है, यानी कुल 14 सीटें इस गठबंधन के पास है। मेघालय में पिछले चुनावों में कांग्रेस ने सबसे अधिक 21 सीटें जीती थीं, लेकिन इसके बाद दलबदल का नुकसान कांग्रेस को उठाना पड़ा और उसकी सीटें शून्य हो गईं, उसके जीते तमाम विधायक टीएमसी और भाजपा जैसी पार्टियों में चले गए। फिर भी इस बार मेघालय में कांग्रेस ने 5 सीटें जीती है। नागालैंड में 2018 में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी, जबकि इस बार उसे 5 सीटें मिली है। इससे यह जाहिर होता है कि कांग्रेस का जनाधार बढ़ रहा है। जबकि भाजपा की नागालैंड में सीटें 12 की 12 रहीं, त्रिपुरा में 35 से इस बार 32 पर भाजपा आ गई और मेघालय में 6 से 2 पर भाजपा आ गई है। अब किसी भी तरह गुणा–भाग करके भाजपा सरकार तीनों राज्यों में बना लेगी, इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन इसे जनादेश मिलना कहा जाए या नहीं, ये जनता को सोचना चाहिए।

विधानसभा के साथ–साथ उपचुनावों के नतीजे भी ये बता रहे हैं कि कांग्रेस पर लोगों का भरोसा फिर बढ़ रहा है। महाराष्ट्र में भाजपा का गढ़ माने जाने वाला कसबापेठ में कांग्रेस को 27 साल बाद जीत मिली है और 1995 के बाद भाजपा यहां पहली बार हारी है। महाराष्ट्र की यह जीत काफी मायने रखती है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में सागरदिघी सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया है। जबकि यहां मुख्य मुकाबला टीएमसी और भाजपा के बीच माना जा रहा था। तमिलनाडु में भी कमजोर संगठन के बावजूद इरोड सीट पर कांग्रेस की जीत काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। महाराष्ट्र में महाअघाड़ी सरकार में कांग्रेस छोटी भागीदार थी, तमिलनाडु में भी डीएमके के साथ उसकी यही स्थिति है और पश्चिम बंगाल में तो कांग्रेस को दौड़ में समझा ही नहीं जाता है। फिर भी इन तीन राज्यों के उपचुनावों में कांग्रेस की जीत यह बताती है कि देश का सियासी मौसम बदल रहा है।

भारत जोड़ो यात्रा को दो मिनट पकवान की तरह देखने वाले विश्लेषक इन चुनावों में कांग्रेस का सफाया बता रहे है और कह रहे हैं कि कांग्रेस को राहुल गांधी की इस यात्रा से कोई लाभ नहीं मिला। लेकिन इस देश की बहुसंख्यक जनता अब भी फास्टफूड से परहेज करती है और धीमी–धीमी आंच पर पकते पकवानों का इंतजार करती है। इन नतीजों को देखकर कहा जा सकता है कि चुनावी चूल्हे पर फिलहाल कांग्रेस की हांडी में धीमे–धीमे जीत का पकवान तैयार हो रहा है। हो सकता है 2024 तक उसका पूरा स्वाद चखने को मिले।

## क्या आप जानते हैं.. ?

7 सालों में क्ळ्ळ, क्ळट, ठक्ळ संस्थानों में आत्महत्या करने वाले 122 छात्रों में 24 दलित , 41 OBC और 3 आदिवासी थे.. केंद्र में भाजपा सरकार पूरे देश में पिछला एवं अति पिछड़ा जाति को दिशाहीन कर रही है सिलेंडर का दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा गरीब था तब का एवं पूरे देश में जितने भी पिछड़ा अति पिछड़ा जाति के व्यक्ति हैं इन समाज को अनदेखा कर केंद्र की भाजपा सरकार फिर देश को उस स्थिति में खड़ा कर दिया है अब जो पहले कांग्रेस की सरकार में हर घर में सिलेंडर पर खाना बनता था अब केंद्र की भाजपा सरकार ने फिर कोयला लकड़ी और महंगाई का मार्ग गरीबों पर झोंक दिया है।







आज बेगूसराय नगर कांग्रेस द्वारा अध्यक्ष ब्रजेश प्रिंस जी की अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा नगर निगम क्षेत्र के डुमरी से शुरू होकर शहीद संजीव स्मारक होते हुए कमरुद्दीनपुर के मूसन टोल तक की गई। कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य अभय कुमार सार्जन जी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी की चिट्ठी घर-घर पहुंचाने के कार्य का आगाज

## हाथ से हाथ जोड़ो

पटना।कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के बिहार प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, बिहार कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार परिहार विधानसभा क्षेत्र में परिहार प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष एम.आई. आदिल की अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के साथ राहुल गांधी की चिट्ठी घर-घर पहुंचाने के कार्य का आगाज किया गया।

बेतहा पंचायत के सिसवा गांव में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिहार विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश प्रतिनिधि मो. शम्स शाहनवाज ने कहा कि नफरत के खिलाफ मुहब्बत के जननायक राहुल गांधी के पैगाम और संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का काम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर सशक्त बनाने के साथ पार्टी की विचारधारा में विश्वास रखने वाले लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का काम निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को राहुल गांधी की चिट्ठी पढ़कर सुनाया गया। साथ ही मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट बांटा गया। गांव में हर दरवाजे पर भारत जोड़ो यात्रा का स्टीकर भी चिपकाया गया।




स्थानीय नागरिक मास्टर बारिक, बदरे आलम, प्रेम शंकर यादव, तौकीर, मो.अख्तर, अमानुल्लाह, मो.सफाउल्लाह, मो. रकीबुल, मो.सगीर, बद्री राय, इंदल सिंह, सुकेश्वर राम, खट्टर राम, आरिफ हुसैन, मो. सहादत आदि के परिवार से घर-घर संपर्क कर उन्हें भारत यात्री सांसद राहुल गांधी द्वारा लिखी गई चिट्ठी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मो. नसीरुल हसन के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, परिहार विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो. अजहरुद्दीन, राजीव कुशवाहा, मो.मंजर आलम, जय प्रकाश राय, शाह मेराज, दानिश, इस्लाम अंसारी, मो.किरानी, मो.अख्तर आदि ने मुख्य रूप से सहयोग किया।



**घरेलू गैस के दरों में वृद्धि के खिलाफ मधेपुरा एनएसयूआई इकाई ने जिलाध्यक्ष निशांत यादव के नेतृत्व में विरोध मार्च निकाला..**



**दरभंगा,03 मार्च। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी ने शुक्रवार को एक बयान मे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर पर 50 रूपये और वाणिज्यिक गैस सिलेंडर पर 350 रूपये की बढ़ोतरी आने वाले होली एवं रमजान पर जनता को तोहफ़ा दिया है। ज़िला कांग्रेस प्रवक्ता मो. असलम ने कहा कि मोदी राज मे एक तरफ़ खाने -पीने की चीजों पर बेतहाशा मूल्य वृद्धि तो दूसरी तरफ घटती आय से देश का मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से महंगाई कम करने और हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया था वो पुरी तरह से झूठ साबित हुआ। आज जनता पूरी तरह से ठगा हुआ महसूस कर रही है।**

**धनबाद जिला युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष श्री Rajesh Thakur जी ने शिरकत किया एवं एकदूसरे को रंग-गुलाल लगाकर इस त्योहार की बधाई दी।**





# आर्थिक बदहाली से त्रस्त जनता जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड सहयोग दे रही है

पटना | कांग्रेस दर्पण



फरवरी महीने में 1.49 लाख करोड़ रिकॉर्ड जीएसटी वसूली हुई यह लगातार 12 वें माह रिकॉर्ड संग्रह का प्रमाण है जीएसटी संग्रह फरवरी में घरेलू आर्थिक गतिविधियों और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि के बल पर 12% बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गए इसके साथ ही उपकर संग्रह जीएसटी लागू होने के बाद अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है यह लगातार 12वां महीना है जब जीएसटी का मासिक राजस्व 1.40 लाख करोड़ से अधिक रहा है। एक साल पहले के समान महीने में जीएसटी संग्रह 133000 करोड़ रुपये रहा था इस तरह फरवरी 2023 में जीएसटी कर संग्रह सालाना आधार पर 12% बढ़ा है जिसमें बिहार 12% से अधिक अर्थात 24% का योगदान दिया हालांकि फरवरी में जीएसटी राजस्व में गिरावट आई जनवरी 2023 में 1.57 लाख करोड़ रुपए का कर संग्रह हुआ था जो अब तक का दूसरा सर्वोच्च स्तर है अप्रैल 2022 में एकत्रित 1.68 लाख करोड़ रुपया जीएसटी कलेक्शन का सर्वोच्च स्तर है वित्त मंत्रालय ने फरवरी 2023के जीएसटी संग्रह आंकड़े जारी करते हुए कहा इस फरवरी महीने में 28 दिन ही होने से अमूमन जी एस टी संग्रह अन्य माह से कम होता है।

फिर भी केंद्र नीत निकम्मी मोदी सरकार पेट में पल रहे बच्चे से जीएसटी वसूल कर जनता की गाढ़ी कमाई में सेंधमारी करने के बाद भी उसे बुनियादी सुविधा मुहैया कराने के नाम पर कुंडली मार बैठ जाती है बिहार के साथ सौतेला पन लगातार जारी रहा है।

500 रुपये प्रति सिलेंडर के जगह 1200 वसूला जा रहा है जो आम जन के साथ जुल्मी चेहरा प्रतीत होता है.....

**रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव बेगूसराय कांग्रेस कमेटी**



बात लाल आंख की थी लेकिन हमने कल देखा कैसे चीन के विदेश मंत्री के लिए लाल कालीन बिछाई गई।

जब आप कहते हैं कि 'कोई घुसा नहीं' तो ये बातचीत LAC के किस मुद्दे पर चल रही है?

या तो आपने तब झूठ बोला था.. या फिर आप कुछ छिपा रहे हैं।



**भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस बक्सर के जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार के नेतृत्व में वीर कुंवर सिंह स्थित चौक पर घरेलू गैस और गैस के मूल्य वृद्धि के खिलाफ भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र में बैठी मोदी सरकार का पुरजोर विरोध किया गया एनएसयूआई व युथ कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।**



**घरेलू गैस,कमर्शियल गैस की कीमतों में वृद्धि के विरोध में चौक- मालसलामी प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा पटना साहिब स्टेशन के पास तानाशाही मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया प्रखंड अध्यक्ष अभय कुमार जयसवाल**

# सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया

पटना | कांग्रेस दर्पण

होली से ठीक पहले मोदी सरकार द्वारा रसोई गैस की कीमत में 50 रुपए की बढ़ोतरी से नाराज सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रोहन कुमार के नेतृत्व में जानकी स्थान रीगा रोड चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारी नरेंद्र मोदी शर्म करो, रसोई गैस के दाम कम करो का नारा लगा रहे थे।

विरोध प्रदर्शन में शामिल प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो.शम्स शाहनवाज ने कहा कि मित्र काल में मोदी सरकार बड़ी बेरहम हो गई है। रसोई गैस 1200 रुपए तो कमर्शियल सिलेंडर 2375 रुपए के पार हो गया है। त्योहार के मौसम में देश की जनता महंगाई से हाहाकार कर रही है और प्रधानमंत्री मित्रों को फायदा पहुंचाने में व्यस्त हैं।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहन कुमार ने कहा कि मंहगाई की प्रतीक बन चुकी मोदी सरकार हर मोर्चे पर फेल है। अडानी-अंबानी के चक्कर में सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार करके रख दिया है।

मौके पर राजीव कुशवाहा, राहुल रमेश, अक्षय कुमार, आशीष कुमार, अफजल राणा, अख्तर रजा खान, गुलशन मिश्रा, लाल बाबू चौधरी, अभिषेक सिंह, अरुण कुमार वर्मा, विवेकानन्द राय आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।



# अभियान के तहत डुमरी से में कार्यक्रमों की शुरूआत

## हाथ से हाथ जोड़ो

पटना। कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस को मजबूत करने और पार्टी में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने के उद्देश्य से शुरू किए गए ₹हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत शुक्रवार डुमरी से में कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। नगर निगम कांग्रेस अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य अभय कुमार सिंह सर्जन के नेतृत्व में वार्ड नंबर 5,6,7 ,17 यानी डुमरी कमरुद्दीनपुर मूसनटोल होते हुए नकटी टोला के नगर निगम भाग होते हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का नकटी टोला के अशोक सिंह दरवाजा पर सभा में तब्दील हुआ। जिसमें अभय कुमार सिंह सर्जन ने विस्तार से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के संबंध में बूथ कमेटी , शाखा अध्यक्ष के बनाने पर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश सदस्य रामविलास सिंह ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे साहब, राहुल गांधी अखिलेश सिंह का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। नगर निगम अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस ने कहा कि महंगाई, डीजल गैस सिलेंडर का दाम कम ना हुआ तो आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह दिखाई दे रहा है। हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति व जनहित में किए गए कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। हाथ-से-हाथ जोड़ो कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस के शहर और गांवों के कार्यकर्ता शामिल हुए।



इस कार्यक्रम में सुबोध कुमार, विधानसभा प्रभारी रामानंद सिंह, शिक्षक प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कुमार, शशि शेखर राय ,मोहम्मद मतीन, रामचंद्र सिंह ,प्रमोद कुमार ,के डी हिमांशु ,मिथिलेश झा, विक्रम कुमार ,मिथिलेश सिंह ,आलोक कुमार जग्गा, रंजीत दास ,स्वप्निल सोनू, पंकज कुमार, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र सुनील ,चुनचुन राय इंटक अध्यक्ष, विजय कुमार ,रामानुज कुमार, डॉ मुकेश कुमार, मोहित कुमार सोशल मीडिया सहित दर्जनों नेता कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया अंत में सुबोध कुमार धनबाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एवम् अडानी-हिंदनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागत योग्यः कांग्रेस



पटना। कांग्रेस दर्पण

सुप्रीम कोर्ट ने कल ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए देश के मुख्य चुनाव आयुक्त सहित चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति अब प्रधानमंत्री, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायधीश की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी, तो दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने शेयर बाजार के विभिन्न नियामकीय पहलुओं के साथ अडानी समूह की कंपनियों की शेयर में गिरावट की जांच के लिए भी एक विशेष समिति गठित की है, जो छह सदस्यीय समिति जांच रिपोर्ट दो माह के अंदर सील बंद लिफाफे में शौपेगी।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, प्रद्युमन दुबे, राजकिशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, मो समद, असरफ इमाम, खालिद अमीन, मो अहमद रजा खान, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय आदि ने कहा की केंद्र में जब से मोदी सरकार सत्ताशीन हुई है तब से सभी संवैधानिक संस्थाएं चुनाव आयोग, सी बी आइ, ई डी आदि को अपने हाथ का कठपुतली बना कर उनसे मनमाना काम कराने तथा विपक्ष को तंग करने का औजार के रूप में उपयोग कर रही है।

नेताओ ने कहा की कल के सुप्रीम कोर्ट के चुनाव आयोग के संबंध में आए ऐतिहासिक फैसले को संपूर्ण देशवासी स्वागत कर रहे है। जहां तक अडानी प्रकरण की बात है, कांग्रेस पार्टी द्वारा संसद से सड़क तक जे पी सी जांच की मांग पर सरकार पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है, ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व जस्टिस अभय एम स्प्रे की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमिटी दो माह में जांच करेगी।

नेताओ ने कहा की अडानी प्रकरण मामले में कांग्रेस पार्टी संपूर्ण देश में प्रखंड, जिला, राज्य स्तर पर पर्दाफाश रैलियां कर मामले को उजागर करेगी। देश के गरीब, मध्यवर्गीय परिवार जिनकी गाढ़ी कमाई एल आई सी, एस बी आई में जमा है उसे भी मोदी सरकार अडानी समूह से लुटवा रही है।

# लेलन अवतार पंडित यदुनंदन शर्मा हरेलन दुःख किसान के : कांग्रेस



पटना। कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में स्थानीय अनुग्रह नारायण रोड स्थित दुबे आश्रम के समक्ष महान स्वतंत्रता सेनानी, किसान, मजदूर के मसीहा पंडित यदुनंदन शर्मा जी की पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पंडित यदुनंदन के पौत्र राजकिशोर शर्मा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रद्युमन दुबे, राहुल कुमार चंद्रवंशी, रूपेश चौधरी, अशोक दास, विनोद कुमार सिन्हा, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, मो समद, असरफ इमाम आदि ने कहा की मध्य दक्षिण बिहार के किसान खेत खलिहान में गाना गाया करते थे की लेलन अवतार पंडित यदुनंदन शर्मा हरेलन दुःख किसान के। यदुनंदन शर्मा भारत के कार्ल मार्क्स कहे जाने वाले स्वामी सहजानंद सरस्वती के परम सहयोगी थे, इन दोनो महामानवों के ही बताए रास्ते पर चल कर कृषि प्रधान देश के किसान, मजदूर के हालत ठीक होंगे, तथा खुशहाल रहेंगे।

नेताओ ने कहा की गया पटना रोड पर नियामतपुर गांव में पंडित यदुनंदन शर्मा की आदम कद प्रतिमा स्थापित है, तथा उनके नाम पर बड़े भूखंड में आश्रम है, जो पंडित यदुनंदन शर्मा आश्रम के नाम से प्रसिद्ध है, तथा इनके जन्मभूमि अरवल जिला के मंझियावां गांव में भी इनका पुस्तैनी मकान है जो जीर्ण, शीर्ण अवस्था में है, तथा कुछ जमीन भी है, जो दूसरे लोग कब्जा किए हुए है।

नेताओ ने बिहार सरकार एवम् स्थानीय प्रशासन से नियामतपुर स्थित पंडित यदुनंदन शर्मा आश्रम को राजकीय धरोहर घोषित करने तथा इनके पैतृक गांव के संपति को इनके पौत्र राजकिशोर शर्मा को सुपुर्द कराने की मांग की है।

# देश की सबसे पुरानी एवं बड़ी पार्टी-कांग्रेस

पटना।कांग्रेस दर्पण

देश की सबसे पुरानी एवं बरी पार्टी है तो वह है कोंग्रेस पार्टी। १९८५ तक इन्दिरा जी अपने नेतृत्व में कोंग्रेस पुरे देश में कोंग्रेस पार्टी की सत्ता थी अचानक से १९८४ में इन्दिरा जी की हत्या के बाद राजीव जी को अपार जीत का हबाला देकर राजीव जी का दर्जनों सलाहकारों ने १९८४ के लोक सभा एवं १९८५के बिधान सभा चुनाव में सेकरौ सीटीग एम पी,एम एल ए का पार्टी टिकट काट कर ननपोलटीकल लोगों को पार्टी टिकट दिया और सहानुभूति लहरों में जीत तो गए लेकिन पार्टी संगठन उसी समय से कमजोर हो गया। जिसका नतीजा आज के समय देखने को मिल रहा है।

पार्टी बार, बार उठने की कोशिश कर रही है लेकिन औंधे मुंह गिर जा रही है। ऐसा लगता है पार्टी में नेता अधिक, कार्यकर्ताओं की भारी कमी हो गई है आलाकमान के दर्जनों सलाहकारों ने उस समय से आज तक केन्द्रीय नेतृत्व पर हौबी होकर चुनाव में सभी जगहों पर पार्टी का टिकट देने में गर्बर कर रहे हैं तभी तो हमारे नेता भारत जोड़ो यात्रा कररहे हैं, गुजरात में बुरी तरह से हार रहे हैं हम कोंग्रेसी एक दूसरे का खुशी होकर पिठ ठोक रहे हैं कि हमलोग हिमाचल जीत लिए।दिल्ली में हुए पार्टी अधिवेशन में राहुल जी बोले थे अब पैराशूट से बाहरी को टिकट नहीं दिए जाएंगे,होल में बैठेअनतीम में से स्थानीय कोंग्रेस कार्यकर्ताओं को ही पार्टी का टिकट दिये जायेंगे,उस समय तो समर्पित कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा हुआ, मगर ऐसा नहीं हुआ।२०२० के बिहार बिधान सभा चुनाव में महागठबंधन के तहत कोंग्रेस पार्टी को ७०सीट मिला जिसमें लगभग आधे सीटों पर स्थानीय कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं दिया गया। क्षेत्र से बाहर के लोगों को टिकट दिया गया और तो और पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को टिकट न देकर २०१० में पार्टी से जुड़े लोगों को टिकट दिये गये। तेजस्वी जी का थोक वोट रहते हुए बरी मुश्किल से १९ ही जीत पाए ऐसा लगता है हर राज्यों में हुए चुनावों में पार्टी टिकट देने में ग़लत लोगों को टिकट दिया जाता है। कुछ लोग राष्ट्रीय नेता का हबाला देते हैं और बोलते हैं बाहरी क्या होता है। सभी जगहों के पार्टी प्रभारी महोदय जी से कहना चाहेंगे कि बाहरी को ही टिकट देंगे तो महोदय स्थानीय कार्यकर्ताओं का क्या होगा जो ३०,३५सालो से है और पार्टी के सभी कार्य क्रमो में भाग लेते हुए पार्टी का सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं दिल्ली से बरचुअल मिटीग में गोहिल जी ने कहा था राहुल गांधी जी का भी नाम लेकर बोले जो ज्यादा से ज्यादा मेम्बर बनाएंगे उन्हें ही पार्टी का टिकट मिलेगा। लेकिन ये सभी बातें हवा हवाई बातें बन कर रह गई। अब तो पार्टी के राष्ट्रीय नेता से लेकर हम सभी स्थानीय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को सोचना होगा। स्थिति परिस्थिति को देखते हुए पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व ने सर्वसम्मति के रूप में अखिलेश बाबू को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पूरे बिहार में कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा हुआ है, सभी जाति धर्म के लोगों को न्याय मिलने की आशा जगी है। जिम्मेदार नेता, जिम्मेदारी के साथ काम करें, जिम्मेदारी से भागने का कोशिश नहीं करे। चाहे हार हो या जीत जिम्मेदार नेता, जिम्मेदारी लें नहीं तो सात महाजन पुंजी नास वाली बात होगी। पार्टी नेतृत्व सभी जाति, धर्म के कार्यकर्ताओं को सम्मान दें, साथ हीं महिलाओं को ३३परतिशत आरक्षण को ध्यान में रखते पद प्रतिष्ठा, पार्टी का टिकट देकर सम्मानित करें। जय कोंग्रेस।जय कोंग्रेस कार्य कर्तागन। इसी आशा के साथ मैं हूं।



रेखा देवी
१५० बेलदौर बलिदान सभा
खगरिया (बिहार)

# पीएम मोदी विदेशी जमीन पर

पटना।कांग्रेस दर्पण




-भारतीय होने पर शर्म महसूस करते थे।

-भारतीय अपने देश के बारे में निराशावादी महसूस करते थे।

-स्कैम इंडिया जैसा जुमला गढ़ा।

-पहले मुझे और तमाम लोगों को शर्म आती थी कि कैसा देश है यह, जहां हम पैदा हो गए। जरूर पिछले जन्म में कोई पाप किए होंगे।

विदेशी धरती पर देश के अपमान की ये फेहरिस्त लंबी है और पीएम मोदी इसके लेखक हैं। जमीन चाहे देशी हो या विदेशी- भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने की बात करना ही असली देशभक्ति है और वही राहुल गांधी ने किया।

इसके उलट पीएम मोदी अपने हर विदेशी दौरे पर देश को अकर्मण्यशील साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते... ये साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते कि मानो 2014 से पहले तो भारत के लोग पत्थर रगड़कर आग जलाते थे; पत्ते लपेटकर रहते थे; ट्रैन/सड़क जैसी चीज तो मानो देखी ही नहीं थी और ये सब भारत के 70 वर्षों की मेहनत का अपमान है; भारत की मेहनत का अपमान है; भारतीयों के परिश्रम, संघर्ष और बलिदान का अपमान है; भारत की वैज्ञानिक सोच का अपमान है और ये अपमान पीएम मोदी ने किया है- विदेशी जमीन पर जाकर।

बाकी देश में वो देशवासियों का; देश के महापुरुषों का; किसान-महिला-मजदूर-युवा हर वर्ग का कितना अपमान करते हैं, उस पर तो वेब सीरीज के भी कई पार्ट निकाले जा सकते हैं।

# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा बखरी प्रखंड पहुंची



पटना।कांग्रेस दर्पण

बेगूसराय जिले के नावकोठी प्रखंड के समसा पंचायत से चल कर कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा बखरी प्रखंड के बगरस चौक होते हुए शहीद पिंटू सिंह द्वार के पास तक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉंग्रेस विचार विभाग के प्रखंड अध्यक्ष बिपिन दास ने प्रदेश डेलीगेट अमित कुमार बॉबी के निर्देशन में किया इस कार्यक्रम में सच्चिदानंद सिंह, मो कुद्दुस, राजेश कुमार सुरेश पासवान सहित सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।